Roll No. ......................

# DPHCN–07

## Public Health Related National and International Programmes

(जन स्वास्थ्य सम्बन्धी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम)

Diploma in Public Health and Community Nutrition (DPHCN–10/16)

Second Semester, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 35**

नोट : यह प्रश्न पत्र पैंतीस (35) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देनें हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े सात $7\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. समन्वित बाल विकास सेवाओं के घटकों की विस्तृत विवेचना कीजिए।
2. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के मुख्य लक्ष्यों की चर्चा करते हुए इसके मुख्य प्रावधानों पर प्रकाश डालिए।
3. खाद्य एवं कृषि संगठन के उद्देश्यों की विवेचना कीजिए। भारत में इस संगठन के गतिविधि क्षेत्र कौनसे हैं ?

4. विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यों की व्याख्या कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए ढाई $2\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

1. विश्व खाद्य कार्यक्रम के भारत में गतिविधि क्षेत्र।
2. गैर-सरकारी संगठन 'प्रयास' के सामाजिक कार्य।
3. 108 आपातकालीन सेवा।
4. उत्तराखण्ड राज्य में केन्द्रपोषित स्वास्थ्य सेवाएँ।
5. विश्व बैंक के उद्देश्य एवं कार्य।
6. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम।
7. भारत सरकार द्वारा संस्तुत टीकाकरण अनुसूची।
8. सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सत्य/असत्य बताइये।

1. उत्तराखण्ड इंटीग्रेटेड हैल्थ एंड पापुलेशन पॉलिसी अपनाने वाला प्रथम राज्य है।

2. आँगनबाड़ी कार्यकर्ता की कार्य-प्रणाली के निरीक्षण एवं मार्गदर्शन हेतु एक मुख्य सेविका की नियुक्ति की जाती है।
3. 'प्रयास' एक पूर्ण सरकारी संगठन है जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सुधार के लिये कार्य करता है।
4. महिलाओं की समस्याओं के निदान हेतु 108 सेवा हेल्प लाइन को राज्य महिला आयोग से जोड़ा गया है।
5. "कूपन लाओ सेहत पाओ" योजना औषधि संरक्षण योजना के अंतर्गत शुरू की गयी थी।

रिक्त स्थान भरिये।

6. महिला डेरी योजना .............. विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाती है।
7. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष/यूनिसेफ का मुख्यालय .......... में है।
8. .............. संगठन का शहरी मलिन बस्तियाँ और ग्रामीण जनता के गरीबी उन्मूलन में विशेष योगदान रहा है।
9. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता को ............ कहा जाता है।
10. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकीय सेवा प्रदान करने हेतु ........... की सेवा दी जाती है।